एम.एम.डी.ई.-015

02584

बी.एड. विशेष शिक्षा (बी.ई.डी.एस.ई.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2013

एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घंटे *अधिकतम अंक : 50*

नोट: *इस प्रश्न पत्र में कुल **तीन भाग** हैं : **क, ख** और **ग**। प्रत्येक **भाग** के नीचे प्रश्न हल करने सम्बंधी निर्देश दिये गये हैं उन्हें **ध्यान** से पढ़ें।*

भाग-क

सभी प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** के **अंक समान** हैं। 5x2=10

1. स्वराघात से आप क्या समझते हो? उदाहरण सहित समझाइए।

2. ग्रह्यात्मक तथा अभिव्यक्तात्मक कौशलों से क्या समझते हो? दोनों में अंतर स्पष्ट करें।

3. भाषा किसे कहते हैं? भाषा व बोली में अंतर स्पष्ट करें।

4. भाषा के कितने तत्व होते हैं? ध्वनि तथा शब्द के आपसी सम्बंध को बताइए।

5. अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं? समझाइए।

भाग-ख

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** के **अंक समान** हैं। 4x5=20

6. 'कविता शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य काव्य सौन्दर्य की अनुभूति है' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने विचार लिखिए।

7. शब्दशक्ति से आप क्या समझते हैं? यह कितने प्रकार की होती है? उदाहरण सहित समझाइए।

8. प्रतिवेदन से आप क्या समझते हैं? किसी घटना का प्रतिवेदन करते समय आप किन-किन बातों का ध्यान रखेंगे?

9. देवनागरी लिपि से आप क्या समझते हैं? इसका प्रयोग करते समय विद्यार्थी लेखन में किस प्रकार की गलतियाँ कर सकते हैं?

10. 'रिढ़ की हड्डी' नामक रचना की इसके तत्वों के आधार पर समालोचना करें।

भाग–ग

11\. व्याकरण शिक्षण का क्या महत्व है? व्याकरण शिक्षण के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए इसकी निगमन प्रणाली को स्पष्ट करें। 10

अथवा

आत्मकथा और जीवनी में अंतर स्पष्ट करें। नागार्जुन लिखित प्रेमचंद की जीवनी के आधार पर मुंशी जी के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

12\. काव्य सौन्दर्य का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 10

'पुष्प की अभिलाषा' कविता की गेयता पर अपने विचार लिखिए।

अथवा

कहानी के विभिन्न तत्वों को स्पष्ट करते हुए किसी अपनी पसंद की कहानी तथा उसके कहानीकार पर टिप्पणी करें।